हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

मंगलवार, 7 मार्च, 2017/ 16 फाल्गुन, 1938 (शक्)

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री**].

कुल प्रश्न - 6

उपकरणों हेतु उपदान

1588 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में बागवानी विभाग ने पावर स्प्रेयर, पावर टिलर तथा बागवानी सम्बन्धी उपकरण की खरीद हेतु जिलाशः कितने बागवानों एवं किसानों को कितनी-कितनी धनराशि उपदान के रूप में प्रदान की; ब्यौरा दें;

(ख) कितने बागवानों एवं किसानों को कब-कब से उपदान की धनराशि जिलाशः देय है; ब्यौरा किसानों के नाम व पते सहित दें; और

(ग) सरकार देय राशि को कब तक देने का विचार रखती है?

अनियमितताओं के विरूद्ध कार्रवाई

1589 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि हाल ही में सरकार को नगर पंचायत भून्तर में अनियमितताओं बारे शिकायत प्राप्त हुई है; यदि हां, तो किस तिथि को तथा इस पर क्या छानबीन की गई और दोषियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई;

(ख) यह भी सत्य है कि नगर पंचायत भून्तर में स्थायी सचिव न होने के कारण कार्यभार सचिव, नगर पंचायत मनाली को दिया गया है, जो मनाली में व्यस्त होने के कारण भून्तर में बहुत कम आते हैं; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार भून्तर का कार्य दूसरे सचिव को देने पर विचार करेगी?

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

1590 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत प्रदेश में कार्यरत डॉक्टर ही नियुक्त किए जाते हैं जिससे मरीजों की देखभाल में बाधा उत्पन्न होती है;

(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार इस कार्य के लिए सेवानिवृत्त डॉक्टरों को नियुक्त करने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हाँ, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

अनुदान राशि

1591 **श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत चार वर्षों में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कल्याण विभाग में कितने लोगों को गृह निर्माण व मरम्मत हेतु अनुदान राशि तथा कितनी सिलाई मशीनें प्रदान की गई; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

चिकित्सकों की रिक्तियां

1592 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने आयुर्वेदिक औषधालय हैं तथा इनमें चिकित्सकों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें ?

मुख्य मन्त्री कन्यादान योजना

1593 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) मुख्य मंत्री कन्यादान योजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि लाभार्थी को दी जाती है; ब्यौरा दें; और

(ख) इस योजना का लाभ लेने हेतु क्या नियम एवं औपचारिकताएं हैं; नियमों की प्रति सभा पटल पर रखें?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**

दिनांकः 18 फरवरी, 2017. **सचिव।**